दुर्गापुर में जरूरतमंदों के बीच खाद्य सामग्री वितरित

कसमार. दुर्गापुर पंचायत के 40 गरीबों के बीच मंगलवार को अजीम प्रेमजी फाउंडेशन, प्रदान संस्था, ग्राम पंचायत दुर्गापुर एवं महिला संगठन की दीदीयों के साझा प्रयास से खाद्यान्न सामग्री का वितरण किया गया. प्रत्येक को चावल 10 किलो, दाल एक किलो, नमक एक किलो, आलू दो किलो, हल्दी 100 ग्राम, कपड़ा साबुन दो पीस, नहाने का साबुन दो पीस, बिस्कुट एक पैकेट, सरसों तेल 500 ग्राम व मुढ़ी एक पैकेट दिया गया. इसका वितरण स्थानीय मुखिया सरिता देवी, पंसस अंजु देवी, उप मुखिया भीम प्रसाद महतो, वार्ड सदस्य कपिलेश्वर महतो, सुबल महतो, आशमा बीबी, सरिता देवी, संगीता देवीज़ रीता गोस्वामी, सुनीता देवी, जयंती देवी, नुनीवाला देवी, संजू देवी, अमीरुना बीबी, अनीता देवी, निर्मला देवी, चंपा देवी, प्रमिला देवी, सुशीला देवी, निशा देवी की उपस्थिति में किया गया. प्रदान संस्था की ओर से पंचायत क्षेत्र में कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए माइकिंग के जरिये जागरूकता अभियान भी चलाया गया. इधर, प्रदान संस्था ने तेजस्विनी महिला संघ के साथ मिल कर जरीडीह प्रखंड के 251 गरीबों के बीच खाद्यान्न का वितरण किया. यह मुहिम शेयर एंड केयर फाउंडेशन एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से चलायी जा रही है. संस्था के प्रखंड कार्यक्रम समन्वयक जुबा प्रतिम गोगोई ने बताया कि प्रयास है कि अधिक से अधिक गरीबों की मदद कर सके. इस मुहिम में संघ के कुल 72 स्वेच्छा सेवी संवाद साथी की मदद मिल रही है. इनमें शैलेंद्र, रामकुमार, साधु चरण, शोभा, बबीता, प्रतिमा, रेशमा आदि शामिल हैं.